सोमवार
25 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



लालू के रेलमंत्री रहने के समय भ्रष्टाचार का था बोल बाला : मंत्री


2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## महाकुंभ में भीड़-प्रबंधन व सुरक्षा का कवच बनेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

- पार्किंग एरिया और कुंभ क्षेत्र का होगा विस्तार
- बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में भी लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**केटी न्यूज ब्यूरो/प्रयागराज**



महाकुंभ 2025 को दिव्य,भव्य और नव्य बनाने के लिए योगी सरकार की तरफ से तैयारियां जोरों पर हैं। महाकुंभ में सबसे बड़ी चुनौती कुंभ क्षेत्र में दाखिल होने वाली श्रद्धालुओं की करोड़ों की भीड़ होती है जिसका प्रबंधन कुंभ प्रशासन के लिए प्राथमिकता में सबसे पहले है। महाकुंभ-2025 के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी विचार मंथन कर उसे धरातल में उतारने में लगी है।

**पार्किंग एरिया और कुंभ क्षेत्र का होगा विस्तार :** प्रयागराज में लगने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के कुंभ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। श्रद्धालुओं की इस भीड़ का प्रबंध करने के लिए प्रशासन की तरफ से वृहद रणनीति बनाई जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता में गठित ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी ने इस पर विचार मंथन करते हुए कई बिंदुओं पर अपने सुझाव सामने रखे हैं। मेला अधिकारी, महाकुंभ विजय किरन आनंद का कहना है कि इस महाकुंभ में पिछले महाकुंभ से डेढ़ गुना ज्यादा लोगों के आने के अनुमान लगाया जा रहा है। जिसको देखते हुए इस बार कुंभ का पार्किंग एरिया 1200 हेक्टेयर से बढ़कर 1800 हेक्टेयर किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ में वृद्धि को देखते हुए मेला क्षेत्र को भी 3200 हेक्टेयर से बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर किया जाएगा।

**बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में भी सीसीटीवी में भी लगेंगे सीसीटीवी कैमरे :** कुंभ क्षेत्र में आने वाली भीड़ नियंत्रित करने के साथ-साथ शहर के विभिन्न रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी सीसीटीवी लगेंगे । कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि कुंभ क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर 40 वीएमडी स्क्रीन्स लगाई जाएंगी जिनके माध्यम से इमेज एवं वीडियो मैसेज प्रसारित किये जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशनों पर 126 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। इन्ही बिंदुओं पर श्रद्धालुओं की भीड़ का प्रवाह कुंभ क्षेत्र जाता है इसलिए इन पर खास निगरानी की आवश्यकता है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा इस्तेमाल

कुंभ मेला प्रशासन ने अपने पिछले महाकुंभ के सफल समापन से जो सीख ली है उसे इस बार उपयोग में लाया जाएगा। मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक कुंभ क्षेत्र में श्रृद्धालुओं के इस सैलाब को देखते हुए आईसीसीसी के कार्यों में भी विस्तार किया जा रहा है। इसमें अस्थायी सर्विलास सिस्टम के अन्तर्गत 676 सीसीटीवी कैमरे, 12 एएनपीआर कैमरे और आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस आधारित उत्कृष्ट भीड़ प्रबन्धन प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत 120 अस्थाई पार्किंग स्थलों को विकसित किया जा रहा है जिसमें लगभग 720 सीसीटीवी कैमरा तथा एआई आधारित वाहन गिनने की प्रणाली की व्यवस्था भी होगी।

## नासा का कैप्सूल एस्टेरॉयड बेन्नू से सैंपल लेकर पृथ्वी पर आया वापस



**एजेंसी/नई दिल्ली**

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का एक कैप्सूल रविवार को एस्टेरॉयड बेन्नू से कलेक्ट किया सैंपल लेकर पृथ्वी पर वापस आया। ये कैप्सूल अंतरिक्ष से सात साल के बाद एस्टेरॉयड का सैंपल लेकर अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में उतरा। इस सैंपल से ये जानकारी मिलेगी कि 4.5 अरब साल पहले सूरज, सौर मंडल, ग्रह कैसे बने थे। इससे ये जानकारी मिलने की भी उम्मीद है कि उन जीवों की उत्पत्ति हुई जिनके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ। नासा के अनुसार, ये उन एस्टेरॉयड के बारे में भी जानकारी दे सकता है जो भविष्य में पृथ्वी को प्रभावित कर सकते हैं।

ऑसिरिस-रेक्स नामक इस मिशन को 8 सितंबर 2016 को लॉन्च किया गया था। इसकी खास बात ये रही कि इस मिशन के स्पेसक्राफ्ट ने धरती पर लैंडिंग के बिना ही सैंपल को यहां पहुंचाया है। ओसिरिस-रेक्स अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी से करीब एक लाख किमी (63,000 मील) दूर से ये सैंपल कैप्सूल छोड़ा था। करीब चार घंटे बाद (भारतीय समय अनुसार रात 8:23 बजे) ये जमीन पर उतरा। इससे पहली ही यूटा रेगिस्तान में ओसिरिस-रेक्स और मिलिट्री रिकवरी टीम कैप्सूल के लिए मौजूद थी। एस्टेरॉयड बेन्नू के सैंपल को अब यूटा रेगिस्तान रेंज में एक अस्थायी क्लीन लैब में ले जाया जाएगा और फिर सोमवार ये सीलबंद कंटेनर में ह्यूस्टन भेजा जाएगा। नासा के प्रमुख क्यूरेटर निकोल लुनिंग ने कहा कि इससे जानकारी हासिल करने में कुछ सप्ताह लगेंगे। नासा अक्टूबर में इसकी जानकारी सार्वजनिक करने की योजना बना रहा है।

**पृथ्वी पर मचा सकता है तबाही :** नासा के मुताबिक, कैप्सूल में 250 ग्राम सैंपल हो सकता है। आजतक के मुताबिक, नासा का मानना है कि जिस उल्कापिंड ने डायनासोरों को पृथ्वी से खत्म किया था, बेन्नू उससे 20 गुना कम चौड़ा है। लेकिन अगर ये पृथ्वी से कभी टकराया तो बड़ी तबाही हो सकती है। ऑसिरिस-रेक्स अंतरिक्ष यान करीब 643 करोड़ किलोमीटर की यात्रा करके लौटा

### सीएम योगी ने मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए कंपनियों के से किया संवाद

## यंग जेनरेशन के रूप में निवेशकों के लिए यूपी बड़ा बाजार: मुख्यमंत्री

**केटी स्टेट ब्यूरो/लखनऊ**




उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। ये संभावनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर में हैं, रोड कनेक्टिविटी में हैं, मेट्रो सेक्टर में हैं, एयर कनेक्टिविटी में हैं, वाटरवेज में हैं और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर इनवेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए आज मोटो जीपी में जितने भी इस फील्ड के निवेश करने के उत्सुक स्टेक होल्डर्स, ऑर्गनाइजर और अन्य महानुभाव आए हैं, उन सबको आमंत्रित करता हूं कि वे सभी उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का लाभ लें। उत्तर प्रदेश न सिर्फ मोटो जीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा मार्केट है, बल्कि यहां पर भारत की सबसे यंग जेनरेशन भी है जो आपके लिए एक अवसर होगा अपने निवेश को आगे बढ़ाने का। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव के अवसर पर कहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी।

**स्पोर्ट्स सेक्टर पर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का विशेष फोकस :** सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56 फीसदी वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस बात पर प्रसन्नता है कि अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को प्रदेश सरकार ने 2011 में विकसित किया था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर जो अनेक संभावनाएं हैं, उन्हें एक लघु फिल्म के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत किया गया। आपने देखा होगा कि उत्तर प्रदेश में क्या संभावनाएं हैं।

**कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुआ उल्लेखनीय कार्य :** सीएम योगी ने कहा कि जिस क्षेत्र में मोटो जीपी का यह इवेंट आयोजित हो रहा है, यह वही सेक्टर है जहां भारत के दो महत्वपूर्ण फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन है। यहां पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ ही लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के लिए भी कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। इस क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण युद्धस्तर पर कर रही है। प्रदेश के अंदर ही अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। इनलैंड वाटरवेज वाराणसी-हल्दिया के बीच में प्रारंभ हो चुका है जो प्रदेश के पूर्वी बंदरगाह के साथ बेहतर कनेक्टिवटी को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक अवस्थापना के विकास के लिए अटल इंडस्ट्रीरियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारंभ पहले ही हम कर चुके हैं और पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में प्रदेश के अंदर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार हुआ है। यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में यूपी देश के अंदर कार्य करने वाले अग्रणी राज्यों में एक है।

### फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज व बाईपास मार्गों को गति मिलेगी गति

गगगगगगउत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में मार्गों व अवसंरचनाओं के निर्माण की रफ्तार को गति देने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है तथा विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में विभिन्न योजनाओं के तहत जारी कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय आवंटन व धनराशि स्वीकृति दी है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के तीन स्थानों पर आरआईडीएफ योजना के तहत 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 चालू निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है।

## हरदीप सिंह की हत्या के विश्वसनीय सबूतों ने बढ़ाई है हमारी चिंता: कनाडियन रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव जारी है। इस बीच कनाडा के रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा है कि निज्जर की हत्या को लेकर हमें जो भी सबूत मिले हैं, वो विश्वसनीय हैं और हम उनको लेकर काफी चिंतित हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे पास निज्जर की हत्या को लेकर जो सबूत हैं, उन पर विश्वास किया जा सकता है। कनाडाई रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें जो सबूत मिले हैं और जो भी खुफिया जानकारी मिली है, उससे हम बहुत चिंतित हैं और साथ ही एक पूर्व पुलिस अधिकारी और निश्चित रूप से एक सांसद के रूप में भी हम बहुत चिंतित हैं। बिल ब्लेयर ने कहा कि हम मामले की जांच को लेकर चिंतित हैं। वर्तमान में आरसीएमपी की ओर से की जा रही जांच में बहुत सतर्कता बरती जा रही है। जिस खुफिया जानकारी पर हम काम कर रहे हैं, उसके बारे में बहुत सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि इसमें किसी भी तरह से हस्तक्षेप न हो। ब्लेयर ने कहा कि हमने निश्चित रूप से भारत सरकार से संपर्क किया है, हमने अपने सहयोगियों से बात की है और हमने यह सुनिश्चित करने के लिए समर्थन भी मांगा है ताकि इस मामले में न्याय और सच्चाई सामने आ सके।




### 2047 तक बदलेगी भारत की सूरत, एक अरब से ज्यादा होगी मिडिल क्लास की जनसंख्या

## दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है भारत

**एजेंसी/नई दिल्ली**



भारत पिछले कुछ सालों के दौरान प्रमुख वैश्विक आर्थिक ताकत के रूप में उभरा है। अभी भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि ब्रिटेन और फ्रांस के बाद अगले कुछ सालों में भारत जीडीपी के मामले में जर्मनी और जापान से भी आगे निकल जाएगा। इस तरह भारत जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की इस कहानी में मिडिल क्लास का बड़ा योगदान है।

बिजनेस टुडे मैगजीन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2047 में जब भारत की आजादी के 100 साल पूरे होंगे, भारत की कुल आबादी में मिडिल क्लास की हिस्सेदारी 60 फीसदी से ज्यादा हो जाएगी। वित्त वर्ष 2005 में भारत की कुल आबादी में मिडिल क्लास का हिस्सा महज 14 फीसदी था। देश में मिडिल क्लास का तेजी से उभार हो रहा है और आने वाले सालों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है। अभी भारत में मिडिल क्लास का हिस्सा काफी कम है। प्राइस आइस 360 सर्वे के अनुसार, वित्त वर्ष 2021 में भारत की कुल आबादी में मिडिल क्लास का हिस्सा 30 फीसदी था। बयह अगले 10 सालों यानी वित्त वर्ष 2031 तक बढ़कर 47 फीसदी और वित्त वर्ष 47 तक 61 फीसदी हो जाने की उम्मीद है। दूसरे शब्दें में कहें तो जब भारत आजादी के 100 साल पूरे कर रहा होगा, तब भारत में मिडिल क्लास के लोगों की संख्या एक अरब से ज्यादा हो जाएगी।

**इस तरह बढ़ेगी प्रति व्यक्ति आय :** जैसे-जैसे भारत में मिडिल क्लास के लोगों की संख्या बढ़ेगी, भारत की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ती जाएगी। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, अभी भारत की प्रति व्यक्ति आय करीब 2,500 डॉलर है, जो भारतीय करेंसी में करीब 2 लाख रुपये होती है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष का है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय 2046-47 तक बढ़कर 12,400 डॉलर पर पहुंच जाएगी। यानी 2047 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 14.9 लाख रुपये हो जाएगी। देश की प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में सबसे प्रमुख योगदान देने वाले मिडिल क्लास के साथ-साथ नीचे के वर्गों में शामिल लोगों की भी आय में इजाफा होगा। मध्यम वर्ग को देखें तो 2047 तक उसमें शामिल होने वाली 61 फीसदी आबादी की सालाना इनकम 5 लाख रुपये से 30 लाख रुपये हो जाने वाली है।

**10 साल में इतने बढ़े रिटर्न :** इन आंकड़ों की पुष्टि इनकम टैक्स के डेटा से भी होती है। आकलन वर्ष 2023-24 में इनकम टैक्स का नया रिकॉर्ड बना है। इस बार 7.09 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किए गए हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। आज से 10 साल पहले आईटीआर भरने वालों की संख्या 1.50 करोड़ के आस-पास थी। मतलब पिछले 10 सालों में इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या 4 गुने से ज्यादा बढ़ी है।

## पीएम ने 9 वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# लालू के रेलमंत्री रहने के समय भ्रष्टाचार का था बोल बाला: मंत्री

■ पटना जक्शंन पर विपक्ष नेताओं पर जमकर बरसे केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और अश्विनी चौबे, गिनाए लालू राज के कारनामें



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार देश में नौ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। पटना-हावड़ा वन्दे भारत ट्रेन की शुरूआत हुई। इसको लेकर पटना जंक्शन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी उपस्थित हुए। वंदे भारत ट्रेन के लिए सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इस मौके पर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव भी निशाने पर रहे। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने भाषण के दौरान कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने हाई स्पीड से चलने वाली 24 ट्रेनों का शुभारंभ पहले किये थे। आज नौ वन्दे भारत ट्रेन का शुभारंभ किए। प्रधानमंत्री लगातार रेलवे में विकास कर रहे हैं, लेकिन एक वह दिन भी थे जब रेलवे में नौकरी देने के लिए जमीन और पैसे लिए जाते थे।

वहीं, अश्विनी चौबे ने कहा देश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। 24 वंदे भारत ट्रेन प्रधानमंत्री मोदी ने चलाया, एक ऐसे तपस्वी एक ऐसे ऋषि जो देश के लिए तपस्या किए। रेलवे के जगत में यह ऐतिहासिक है। नित्यानंद राय ने कहा कि लालू प्रसाद यादव भी रेल मंत्री रहे थे। उस वक्त रेलवे में भ्रष्टाचार का बोल बाला था। कई बेबस और लाचार लोगों से नौकरी देने के बदले जमीन के लिए पैसे लिए गए। उन्होंने कहा कि मुझे जो जानकारी है कि कितने लोगों से रेलवे में नौकरी देने के नाम पर जमीन और पैसे भी लिए गए और नौकरी भी नहीं मिली। वहीं, अश्विनी चौबे ने कहा कि कितना छोटा मन नीतीश कुमार का है। वह देख लीजिए, वह दो बार रेल मंत्री रहे अभी बिहार के मुख्यमंत्री हैं। रेलवे में इतना बड़ा विकास हो रहा है। उन्हें आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह नहीं आए। इतना छोटा मन नहीं होना चाहिए।

**पीएम ने दिखाई झंडी दिखाई :** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 11 राज्यों में 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इन वंदे भारत ट्रेनों के जरिए इन सभी राज्यों में न सिर्फ यात्रा में लगने वाला समय कम होगा, बल्कि कनेक्टिविटी भी बढ़ जाएगी। पीएम मोदी ने सभी वंदे भारत ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई। देशभर के कई रूटों पर पहले से ही वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। ऐसे में इन ट्रेनों से वंदे भारत ट्रेनों का बेड़ा भी बड़ा होने वाला है।

## कर्नाटक के जातीय जनगणना सर्वे की रिपोर्ट जारी करे कांग्रेसः सूमो

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी कहा कि पूरे देश में जातीय जनगणना की बात करने वाले राहुल गांधी बताएं कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां पिछले चार में जातीय सर्वे क्यों नहीं कराया गया? उन्हें बताना चाहिए कि 2015 में कांग्रेस की सिद्धरमैया सरकार ने कर्नाटक में जो सर्वे कराया था, उसकी रिपोर्ट अब तक जारी क्यों नहीं हुई? 2010 में यूपीए सरकार के गृहमंत्री पी चिदम्बरम ने संसद में कहा था कि देश भर में जातीय जनगणना कराना व्यावहारिक कारणों से संभव नहीं। कांग्रेस की पहली नेहरू सरकार ने 1951 में नीतिगत निर्णय लिया था कि राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना के दौरान केवल अनुसूचित जाति-जन जाति के आंकड़े जुटाए जा सकते हैं। बाद की सभी केंद्र सरकारों ने यही नीति जारी रखी। सुशील मोदी ने कहा कि सेंसस एक्ट के अनुसार देश भर में जातीय जनगणना नहीं करायी जा सकती, लेकिन राज्य सरकारें जातीय सर्वेक्षण करा सकती हैं। बिहार में बीजेपी की साझेदारी वाली सरकार ने जातीय सर्वे कराने का जो निर्णय किया, वह संवैधानिक था, इसीलिए कोई अदालत उस पर रोक नहीं लगा सकी।

# 4 लाख नियोजित शिक्षकों को दशहरा से पहले मिल सकता है बड़ा तोहफा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नियोजित शिक्षक काफी समय से राज्यकर्मी का दर्जा को लेकर नीतीश सरकार से मांग कर रहे थे। इसको लेकर कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नीतीश सरकार नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की तैयारी कर रही है। दशहरा से पहले इसकी घोषणा हो सकती है। नीतीश सरकार चार लाख नियोजित शिक्षकों को दशहरा से पहले बड़ा तोहफा दे सकती है। वहीं, बता दें कि सीएम नीतीश कुमार ने सोमावर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। कैबिनेट की बैठक मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। यह कैबिनेट की स्पेशल मीटिंग है।



❒ आज मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल कक्ष में करेंगे कैबिनेट की मुख्य बैठक

लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार नियोजित शिक्षकों के लिए पिटारा खोलने के मूड में दिख रही है। गौरतलब है कि नियोजित शिक्षक लंबे समय से समान काम समान वेतन की मांग कर रहे हैं। नियोजित शिक्षक राज्यकर्मी का दर्जा की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार राजधानी पटना में नियोजित शिक्षक जबरदस्त आंदोलन और प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान कई बार लाठीचार्ज की भी घटना हुई है, जिसमें कई शिक्षक गंभीर रूप से घायल हुए थे। वहीं, अब नियोजित शिक्षकों पर नीतीश सरकार मेहरबान दिख रही है।

**बीपीएससी बड़े पैमाने पर होगी शिक्षक बहाली :** बता दें कि बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से नई शिक्षक बहाली नियमावली के तहत हाल ही में परीक्षा ली गई है। शिक्षक भर्ती में कुल 1,70,461 पदों के लिए बहाली होनी है। इसमें 79,943 प्राथमिक शिक्षक, 32,916 पदों पर माध्यमिक शिक्षक और 57,602 पदों पर हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए शिक्षक बहाल किए जाएंगे। इस परीक्षा के बाद इसी साल 2023 के अंतिम महीने यानी नवंबर से लेकर दिसंबर के बीच रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा। बता दें कि संशोधित कैलेंडर के बाद बीपीएससी के माध्यम से कुल दो लाख 15 हजार 468 नियुक्तियां होंगी। वहीं, इस बहाली को लेकर नियोजित शिक्षक सरकार से नाराज चल रहे थे। उनका कहना था कि उन्हें भी राज्यकर्मी का दर्जा मिले।

## पीएम मोदी महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहते हैं : ललन सिंह

**केटी न्यूज/पटना**



जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने महिला आरक्षण बिल को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर प्रधानमंत्री ने इवेंट मैनेजमेंट किया और इसलिए विशेष सत्र बुलाया गया जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम का इवेंट होता है और उसी तरह का इवेंट मैनेजमेंट किया गया। उनकी मनसा महिला आरक्षण देने की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहते हैं। महिला सशक्तिकरण पर उनका विश्वास ही नहीं है। विश्वास यदि रहता है तो 9 साल में नहीं देते, अब जब 6 महीना चुनाव बच गया है तो महिला सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं।

ललन सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे महिलाओं को आरक्षण दिए थे क्या? जो महिला आरक्षण का बिल लाया है उसमें क्या है? पहले जनगणना होगी फिर परिसीमन होगा। उसके लिए परिसीमन आयोग बनेगा। गृह मंत्री कह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद जनगणना होगी। लोकसभा चुनाव के बाद जनगणना होगी फिर परिसीमन आयोग बनेगा तब तक 2029 आ जाएगा तो महिला आरक्षण के नाम पर जुमलेबाजी कर रहे हैं। उनकी कोई इच्छा नहीं है कि महिला आरक्षण लागू करें। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आरक्षण में आरक्षण पूरे देश की मांग है। मांग हो रही है इसीलिए जाति आधारित जनगणना कराई है। जनगणना होने के बाद ही पता चलेगा कि समाज की क्या आबादी है और उसके हिसाब से उस पर महिला को आरक्षण दिया जा सकता है। ललन सिंह ने दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय के पिछले तबके की भी आरक्षण की वकालत की।

## गया के निरंजना नदी में नहाने गईं 3 बच्चियां डूबीं, एक का शव बरामद

**केटी न्यूज/गया**

जिले के डोभी थाना क्षेत्र के पिडासिन गांव में कर्मा पूजा से पहले रविवार को बड़ा हादसा हो गया। गांव की तीन बच्चियां निरंजना नदी में नहाने के दौरान डूब गईं, जिसमें एक को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा निकाल लिया गया, लेकिन इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं, दो लापता बच्चियों की तलाश नदी में जारी है। 16 वर्षीय सनम कुमार और सात वर्षीय रीमा कुमारी दोनों लापता है। आठ वर्षीय नंदनी कुमारी की मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



बताया जाता है कि सोमवार को कर्मा पूजा है। अपने भाई की लंबी उम्र की कामना के लिए कर्मा पूजा की जाती है। पूजा को लेकर आज नदी में नहाने महिलाएं के साथ बच्चियां भी गई थीं। बच्चियों की डूबने घटना की जानकारी मिलते ही डोभी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। कर्मा पूजा को लेकर गांव में काफी उत्साह का माहौल था लेकिन अचानक गमगीन में बदल गया है।

मृतका के पिता मांझी ने बताया कि गांव की 10-12 लड़कियां नदी में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान गहरे पानी में चली गई जिससे डूबने लगी। नंदनी को डूबते देख दोनों बच्चियां शोर मचाने लगी। शोर सुन स्थानीय ग्रामीण दौड़ पड़े और नदी में कूद गए। किसी तरह एक बच्ची को निकाला गया, लेकन उसकी मौत हो गई। वहीं, तीनों बच्चियां पिडासीन गांव के करहारा टोला की रहने वाली हैं। घटना के बाद गांव में मातम और सन्नाटा पसरा है। इस घटना को लेकर थाना प्रभारी आलोक ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद डोभी पुलिस लापता बच्चियों की तलाश में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का सहयोग ले रही है। मृतक बच्ची की पहचान आठ वर्षीय संजू मांझी के रूप में हुई है, जबकि सनम कुमारी (16) और रीमा कुमारी (सात) लापता हैं। उनकी तलाश जारी है।




# दिनेश मालाकार बने डुमरांव के थानाध्यक्ष, रंजीत कुमार को मिली ब्रह्मपुर की कमान

- पुलिस कप्तान ने 17 पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला

**केटी न्यूज/बक्सर**

पुलिस कप्तान मनीष कुमार ने बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इनमें हाल ही में सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत होने वाले पुलिस पदाधिकारियों के साथ ही कई एसआई भी शामिल है। इस कड़ी में कई थानों के थानेदार भी बदल गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में बक्सर टॉउन थाना से हटाए गए



दिनेश कुमार मालाकार को डुमरांव का नया थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। वहीं ब्रह्मपुर में शराब की हेराफेरी में थानाध्यक्ष के निलंबित होने के बाद कोरानसराय के थानाध्यक्ष रंजीत कुमार को ब्रह्मपुर की कमान सौंपी गई है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार को बक्सर नगर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावे पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार को कृष्णाब्रह्म से राजपुर का थानाध्यक्ष बनाकर भेजा गया है।

जबकि नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार को साईबर थाना, राजपुर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार को औद्योगि थानाध्यक्ष, नैनीजोर के थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक को साईबर थाना बक्सर, पुलिस निरीक्षक कुणाल कृष्ण को नैनीजोर थाना से एएलटीएफ प्रभारी, पुलिस निरीक्षक रंजना सिन्हा को औद्योगिक थाना से साइबर थाना बक्सर, पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार को कृष्णाब्रह्म थाने की कमान दी गई है वे इसके पहले डीआईयू में थे। बक्सर नगर थाना के पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा को अभियोजन कोषांग में भेजा गया है। ये 300 दिनों से अधिक के लंबित कांडों का अनुश्रवण व निष्पादन करेंगे। पुलिस निरीक्षक विशुनदेव कुमार को वासुदेवा ओपी से यातायात का प्रभारी बनाया गया है। चौकीदार थाना बक्सर के पुलिस निरीक्षक रामबदन सिंह को पुलिस केन्द्र बक्सर, पीटीसी इंडोर प्रशिक्षण बक्सर के पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार को प्रभारी प्रशिक्षण पुलिस केन्द्र बक्सर, पुलिस अवर निरीक्षक अभय कुमार को ब्रह्मपुर के एएलटीएफ से हटाकर कोरानसराय का थानाध्यक्ष तथा पुलिस अवर निरीक्षक बिरेन्द्र प्रसाद को सिकरौल का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वे पहले मुफस्सिल थाना में तैनात थे। साथ ही, सिकरौल के थानाध्यक्ष संजीव कुमार को बक्सर नगर का सर्किल इंस्पेक्टर बनाया गया है। एसपी मनीष कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह ट्रांसफर विधि व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के मद्देनजर किया गया है। वही अभी तक नया भोजपुर ओपी व वासुदेवा ओपी में किसी की तैनाती नहीं की गई है। माना जा रहा है कि पुलिस कप्तान द्वारा एक और लिस्ट निकाला जाएगा।

# रामरेखा घाट पर दो किशोरियों ने एक घंटे के अंतराल में लगाई छलांग

## घाट पर मौजूद नाविकों और लोगों ने बचाई जान

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को बक्सर के रामरेखा घाट पर एक घंटे के अंतराल पर दो किशोरियों ने आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन दोनों को ही घाट पर मौजूद लोगों ने बचा लिया। बाद में उन्हें पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इनमें एक किशोरी नगर थाना क्षेत्र की जबकि दूसरी धनसोई थाना क्षेत्र की थी। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6:30 बजे एक 15 वर्षीय किशोरी पीठ पर बैग व हाथ में स्मार्ट फोन लिए रामरेखा घाट पहुंची। उसकी हरकतों को देख गंगा स्नान कर रहे कुछ लोगों को उसपर शक हुआ तथा लोग उसकी हरकतों को देखने लगे। इसी दौरान वह गंगा किनारे अपना बैग व स्मार्ट फोन फेंक छलांग लगा दी। जिसके बाद गंगा स्नान कर रहे लोगों ने उसे बचा लिया तथा समझा बुझाकर नगर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया जाता है कि वह मां की फटकार से नाराज हो यह कदम उठा रही थी। वहीं एक घंटा बाद 7:30 बजे दूसरी किशोरी रामरेखा घाट पहुंच आत्महत्या की नियत से पहुंची और गंगा में कूद गई। लेकिन उसे भी लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार वह धनसोई थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता पिता का निधन हो चुका है। वह अपने मामा मामी के साथ रहती है। मामा दूसरे जगह नौकरी करते है। जबकि मामी बात बात पर उसे डांटती और मारती रहती है। इसी से तंग आ वह आत्महत्या करने जा रही है। बक्सर नगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

**अनाथ बच्चों को मिलता है स्पॉन्सरशीप योजना का लाभ :** बता दें कि समाज कल्याण विभाग द्वारा स्पॉन्सरशीप योजना चलाई जाती है। इसके तहत अनाथ बालक बालिकाओं जिनकी उम्र 18 से कम हो उन्हें इस योजना के तहत प्रति माह 4 हजार रूपए की राशि दी जाती है। ताकी वह अपने जीवन यापन व शिक्षा में खर्च कर सकें तथा किसी के उपर बोझ नहीं बन सके। अब ऐसे में देखना है कि क्या इस बालिका को इस योजना का लाभ मिलता था कि नहीं और यदि नहीं मिलता था तो जिला प्रशासन द्वारा उक्त किशोरी को इस योजना से जोड़ने के लिए क्या कवायदें की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### स्वच्छता कर्मियों ने निकाला कैंडल मार्च

**केसठ।** स्थानीय नया बाजार में स्वच्छता जागरुकता के लिए स्वच्छता कर्मियों ने कैंडल मार्च निकाला। स्वच्छ सुंदर गांव अभियान के तहत निकाले गए कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उपमुखिया अमितेश कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों से कहा कि गंदगी ही सभी बीमारियों का मूल कारण है। स्वच्छता हमारे जीवन को सुखमय बनाने के लिए जरूरी है। स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी ने कहा कि हर बीमारी से स्वच्छता ही हमें बचाती है। बीमारियों से बचाव के लिए अपने घरों व आसपास के क्षेत्र को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है। कर्मियों ने स्वच्छता से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### खेत से लौट रहे युवक की पिटाई, केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रतापसागर गांव में खेत से लौटकर आ रहे एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जख्मी युवक ने अपने ही गांव के दो लोगों के खिलाफ पिटाई किये जाने का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया है। पीड़ित प्रतापसागर का रहने वाला बजरंग यादव बताया जाता है। पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह खेत से लौटकर आ रहा था। इसी दौरान संतोष यादव और चुन्नू यादव दोनों ने लोहे के रड से मेरे सिर पर वार कर जख्मी कर दिया और गाली-गलौज देते हुए भाग गये। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### मृतक की पत्नी ने दर्ज कराया एफआईआर

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के हरनीचट्टी गांव के पास शुक्रवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से नावानगर थाना के रूपसागर के बाप बेटे की मौत हो गई थी। मामले में मृतक की पत्नी सुशीला देवी ने कोरानसराय थाना में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि शुक्रवार को उसके पति गणेश कुमार यादव, पुत्र पिंटू यादव व पुत्री मधु के साथ बाइक से बक्सर बच्चों का इलाज कराने जा रहे थे। हरनीचट्टी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद डाला। जिससे गणेश तथा पिंटू की मौके पर ही मौत हो गई। सुशीला ने इस मामले में चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि चालक की तलाश की जा रही है।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी पीए के मन की बात

**केसठ।** केसठ नया बाजार में भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन राउत के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं आम जन उपस्थित हो उनकी बातों को ध्यान से सुना। मन की बात कार्यक्रम के नंद जी यादव, सोनू कुमार, रिंकू सिंह, मुन्ना यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। मन की बात कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पार्टी नेताओं ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज पीएम की अगुवाई में देश विकास की रास्तों पर चल रहा है।

## दिल्ली के ओखला से बिहार के मुजफ्फरपुर लाई जा रही थी शराब की खेप

# वीर कुंवर सिंह पुल पर 397 पेटी शराब लदी कंटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

शराब तस्करी को रोकने के लिए मुश्तैद उत्पाद विभाग की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने शराब लदी एक कंटेनर को पकड़ा है। जिसमें विभिन्न ब्रांड के कुल 397 पेटी शराब बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 50 लाख बताई जा रही है। उत्पाद विभाग की टीम ने ट्रक चालक सिवान जिले के बलिया गांव निवासी हनीफ मियां के पुत्र फते आलम को गिरफ्तार किया है। शराब बरामद करने के बाद पुलिस अब तस्करों की पहचान तथा उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है।

उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर उत्पाद निरीक्षक दिलीप कुमार के नेतृत्व में तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें उनके साथ एसआई अमरदीप व मंगल मिश्र शामिल थे। इसी दौरान हरियाणा नंबर की एक ट्रक जिसका नंबर एसआर 55 एए 0021 था आते दिखाई दी। जिसे उत्पाद विभाग की टीम ने चेक पोस्ट पर रूकवा चालक से ट्रक में लदे सामानों के संबंध में पूछताछ की तो वह घबड़ाने



- उत्पाद विभाग ने 50 लाख रुपए की बरामद की शराब

लगा। इसके बाद टीम ने ट्रक को स्कैन किया तो उसमें शराब की बोतले नजर आई। जिसके बाद चालक को गिरफ्तार कर उससे ट्रक खुलवाया गया। ट्रक का डाला खुलते ही उत्पाद विभाग की टीम भौचक रह गई। पूरी ट्रक शराब से भरी थी। उत्पाद विभाग द्वारा जब तलाशी लिया गया तो ब्लू लाईनव आरएस समेत कई अन्य ब्रांडों के कुल 397 पेटी शराब बरामद हुई। जिसकी कीमत 50 लाख आंकी गई है।

**दिल्ली से मुजफ्फरपुर जा रही थी शराब :** पुलिस गिरफ्त में आए ट्रक चालक सह तस्कर ने बताया कि दिल्ली के ओखला से किसी पाल सिंह नाम के व्यक्ति ने उसे यह खेप मुजफ्फरपुर पहुंचाने को दी थी। किराया 60 हजार रूपया तय हुआ था। वह दिल्ली के बाद पूरी यूपी पार कर बिहार की सीमा तक पहुंच गया था। लेकिन बिहार में प्रवेश के साथ ही वह चेक पोस्ट पर ही पकड़ा गया। चेक पोस्ट सजग उत्पाद टीम के सामने उसकी चालाकी काम नहीं आई।

**इस महीने शराब की दूसरी बड़ी खेप हुई बरामद :** बता दें कि यह इस महीने की दूसरी बड़ी खेप है। इसके पहले 12 सितंबर को डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के पुरवा गांव के पास 40 लाख रूपए मूल्य के शराब की खेप को पकड़ा गया था। तब पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया था। लेकिन इस मामले में अभी तक पुलिस तस्करों तक नहीं पहुंच सकी है। वही देखना है कि इस बार उत्पाद पुलिस तस्करों को पहचान उन्हें गिरफ्तार कर पाती है कि नहीं।

### नेटवर्क को खंगालने में जुटा विभाग

शराब की बड़ी खेप बरामद होने के बाद उत्पाद विभाग की टीम अब पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। बकौल उत्पाद अधीक्षक, ट्रक के नंबर और चालक से पूछताछ में मिली जानकारी के सहारे पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगाल यह पता लगाएगी कि तस्करी के इस खेल में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं।

### चालक से हो रही पूछताछ

“ बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर शराब लदी एक ट्रक को पकड़ा गया है। ट्रक से विभिन्न ब्रांडो के कुल 397 पेटी शराब बरामद हुआ है, जिसकी कीमत 50 लाख रुपए है। यह खेप दिल्ली के ओखला से मुजफ्फरपुर जा रही थी। चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जा रहा है।

*- देवेन्द्र प्रसाद, उत्पाद अधीक्षक, बक्सर*

# मां के डांटने पर किशोरी ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बक्सर।** शनिवार की रात बक्सर के चीनी मिल मोहल्ले में एक किशोरी ने अपने कमरे में फांसी लगा इहलीला समाप्त कर ली है। घरवालो को इस घटना की जानकारी रविवार को सुबह हुई। वह मूल रूप से सिकरौल थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव की निवासी है तथा बक्सर में अपने भाई के साथ रहकर पढ़ाई करती थी। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात उसकी मां ने फोन पर उसे डांट दिया था जिससे नाराज होकर उसने रात में फांसी लगा लिया। मृतका की पहचान नारायणपुर के रवि रंजन की 17 वर्षीय किशोरी पुत्री जूही कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने भाई के साथ चीनी मिल मोहल्ले में रह कर पढ़ाई करती थी। बीती रात उसकी मां ने फोन पर उसे खाना बनाने की बात को लेकर डांट दिया था।

जिसके बाद में दोनों भाई-बहन अलग-अलग कमरों में सो गए। रात में ही किशोरी ने पंखे से लटक अपनी जान दे दी। सुबह में जब भाई जगा तथा बहन के कमरे का दरवाजा बंद पाया तो वह उसे जगाने लगा। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही थी। यह देख उसने शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद स्थानीय लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहले सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष रंजीत सिन्हा इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली शपथ, प्रतिवर्ष 100 घंटे का देंगे श्रमदान



**डुमरांव।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रविवार को बक्सर जिला के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत प्रगति कोचिंग क्लासेज, डुमरांव में स्वच्छता ही सेवा है विषय पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कोचिंग के छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस दौरान डुमरांव प्रखंड की श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभा कुमारी ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का सपना था स्वच्छ एवं विकसित देश का आज माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश इस स्वच्छता अभियान को अपना रहा है और आमजन भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसके लिए यह आवश्यक है कि हम सभी सप्ताह में कम से कम दो-दो घंटे यानी प्रतिवर्ष 100 घंटे का श्रमदान करके महात्मा गांधी के इस संकल्प को चरितार्थ करने में अपना योगदान दें। स्वच्छता शपथ के बाद कोचिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की गई और उनसे प्राप्त कूड़े कचरे का निष्पादन नगर परिषद द्वारा रखी गई डस्टबिन में देकर किया गया इस अभियान के तहत विभागीय पंजीकृत दल के कलाकारों द्वारा स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया।

### पुराना भोजपुर में आयोजित हुआ सत्संग

**डुमरांव।** पुराना भोजपुर के निजी सभागार में एक दिवसीय सत्संग कथा का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालु भक्तों को कथावाचक आनंद स्वामी ने अपनी कथा से सराबोर किया। कथा के दौरान गुरुजनों की महता पर प्रकाश डालते हुए कथावाचक आनंद स्वामी ने कहा कि जो इंसान अपने गुरुओं के सानिध्य में रहता है उसे फलने फूलने से कोई नहीं रोक सकता। इसके साथ ही कथा में श्रोताओं की शैय्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रोता दो प्रकार के होते हैं। आंतरिक श्रोता और बाह्य श्रोता। कथा को दोनो प्रकार से श्रवण करने वालों श्रोतागण कथा के मूलभाव को ग्रहण करते हैं। ऐसे में श्रोतागण का मूल रस व निचोड़ प्राप्त करने के लिए तन मन और धन से समर्पित होकर कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा के बाद कथावाचक ने सदगुरु की आरती की। इससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह, मोहन सिंह, रामजी सिंह, संतोष शर्मा, विनय सिंह, रोहित सिंह सहित अन्य श्रोतागण शामिल रहें।

# टीवी रियलिटी शो हुनर का मंच में पुरस्कृत हुईं डुमरांव की सुमन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

हाल ही में उत्तराखंड के रुड़की में टीवी रियलिटी शो हुनर का मंच द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर एक संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डुमरांव स्थित बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी की प्राचार्या कुमारी सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बिहार का मान बढ़ाया है।

सुमन ने खुद से लिखे गाने को संगीत में ढालकर प्रस्तुत किया था जिसकी सराहना निर्णायकों ने भी की। बताते चलें कि कुमारी सुमन ने प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से प्रभाकर की डिग्री प्राप्त की है साथ ही इन्होंने लवली युनिवर्सिटी से एमसीए भी किया है। फिलवक्त संगीत में ही मास्टर डिग्री कोर्स की तैयारी चल रही है। 23 सितंबर को आयोजित



इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार स्वरूप खूबसूरत मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बताया गया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के माध्यम से नृत्य संगीत के क्षेत्र में प्रतिभाशाली कलाकारों को आगे आने का मौका तो मिलता ही है, साथ ही म्यूजिक कंपनियों या इससे जुड़े कई संस्थानों में रोजगार का मौका भी मिलता है।

# निराशाजनक: तीन वर्ष बाद भी नहीं शुरू हो सका सम्राट अशोक भवन का निर्माण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में सम्राट अशोक भवन बनाने के लिए तीन वर्ष पहले ही कवायद शुरू हुई थी लेकिन लंबे समय गुजरने के बाद भी इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं हो सका। बताया जाता है कि इस प्रोजेक्ट का टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है लेकिन राशि के अभाव में मामला अधर में लटका है। इस आधुनिक व सुसज्जित भवन के जरिये शहर के तमाम तबके के लोगों को शादी-विवाह व अन्य कार्यक्रम करने की राह आसान होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 सितंबर 2020 को सम्राट अशोक भवन का शिलान्यास किया था। जिसका नवनिर्माण एक करोड़ 17 लाख 26 हजार की राशि से होना है।



प्रस्तावित भूमि पर लगे शिलापट्ट को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत फीता काटा गया था। बताया जाता है कि आलीशान भवन के निर्माण होने के बाद स्थानीय शहर में आने वाले मेहमानों को नगर परिषद सुसज्जित कमरा उपलब्ध करायेगी। सूबे की सरकार ने राज्य योजना के तहत नगर पर्षद से इस भवन के निर्माण को लेकर सरकारी भू-खंड की मांग किया था। विभागीय निर्देश के बाद अंचल कार्यालय ने प्रशासनिक भवन के समीप खाली पड़े जमीन की एनओसी दी है। सम्राट अशोक भवन के निर्माण होने के बाद शहर के लोगों के लिए यह भवन मुख्य आकर्षण बनेगा। इस भवन के निर्माण को लेकर अंचल कार्यालय ने एनएच 120 से सटे प्रशासनिक भवन के समीप दो सौ वर्गफीट भूमि आवंटित की है। इस भूमि पर पर्यावरणरहित सम्राट अशोक भवन अतिथि गृह का निर्माण होगा, जिसमें पार्किंग, गैलेरी, सभागार, किचन, शौचालय और दूसरे तल्ले पर अतिथियों के लिए चार सुसज्जित कमरा, हॉल, बिजली-पानी आदि की सुविधा मुहैया होगी।

## वामन द्वादसी मेला की तैयारी तेज, शुरू हुआ मंदिर परिसर में साफ सफाई और सजावट का काम

# बक्सर में हुआ था श्रीहरि के वामन अवतार का जन्म

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को वामन द्वादशी मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। हर साल भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष की द्वादशी तिथि को वामन द्वादसी मनाई जाती है। इस बार भव्य रूप से वामन द्वादशी मनाने को लेकर मंदिर पूजा समिति तथा भगवान वामन चेतना मंच ने तैयारी शुरू कर दी है। इस अवसर पर केंद्रीय कारा के समीप गंगा ठोरा के संगम पर स्नान कर श्रद्धालु कारा परिसर में भगवान वामन की पूजन अर्चना करते है। इस दौरान जिले के दूर-दराज के इलाकों के अलावा अन्य जिलों व राज्यों से श्रद्धालुओं का जुटान होता है। वहीं, इस दौरान महिलाओं द्वारा भोग के




लिए लिट्टी चोखा बनाया जाता है। वामन द्वादसी पर श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक रहती है कि लोगों की सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में मजिस्ट्रेट व पुलिस जवानों को तैनात किया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आचार्य रणधीर ओझा ने बताया कि धर्म ग्रंथों में वामन को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है। वैष्णव भक्तों को इस दिन उपवास करना चाहिए। सुबह स्नान आदि करने के बाद वामन द्वादशी व्रत का संकल्प लेना चाहिए। अभिजित मुहूर्त में भगवान वामन की पूजा करनी चाहिए। इसके बाद एक बर्तन में चावल, दही व शक्कर रखकर किसी योग्य ब्राह्मण को दान करना चाहिए। शाम के समय व्रती को फिर से स्नान करने के बाद भगवान वामन का पूजन करना चाहिए और व्रत कथा सुननी चाहिए। इसके बाद ब्राह्मण को भोजन कराना चाहिए और स्वयं फलाहार करना चाहिए।

**भगवान वामन ने राजा बलि के आसुरी प्रवृति का किया था नाश :** पंडित लाला बाबा ने बताया कि दैत्य का संहार हो या न हो परंतु दैत्य की प्रवृति का संहार होना जरूरी है। भगवान वामन ने बिना किसी झगड़े के राजा बलि के आसुरी प्रवृतियों का अंत किया किया था। दैत्यराज बलि देवताओं व भगवान विष्णु का विरोधी था। लेकिन दैत्यराज बलि ने वामन भगवान को इतना दिया कि जो आज तक किसी ने नहीं दिया। वामन भगवान के दर्शन से दैत्यराज बलि के दैत्य संस्कृति हीं समाप्त हो गई। वह देवत्व की भावना में आ गया। वामन द्वादशी को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति पिछले दस दिनों से लगी हुई थी। केंद्रीय कारा के मंदिर परिसर के सजावट कार्य रविवार की रात तक चलता रहा। मंदिर समिति ने प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने का आग्रह किया है। समिति के मुन्ना सिंह ने बताया कि तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। सोमवार को देर शाम भगवान वामन की भव्य आरती का आयोजन किया गया है।



# आयुष्मान भारत योजना से अधिकाधिक लाभार्थी को जोड़ें: सिविल सर्जन

- आयुष्मान दिवस: जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन

**केटी न्यूज/गया**

आयुष्मान भारत योजना के पांच साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शहर के जय प्रकार नारायण सदर अस्पताल सभागार में आयुष्मान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन आयुष्मान भवः कार्यक्रम के जिला क्रियान्वयन ईकाई द्वारा किया गया. इस समारोह के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह रहे। इस मौके पर उनके साथ आयुष्मान भारत जिला कार्यक्रम समन्वयक नलिन मौर्य, बीएचएम संजय अंबष्ट, आइटी मैनेजर रीना, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर कल्याणी और सीएससी मैनेजर सहित डेवलपमेंट पार्टनर सेंटर डायरेक्ट के प्रतिनिधि, सीएससी ऑपरेटर तथा आरोग्य मित्र आदि मौजूद रहे।



समारोह का शुभारंभ सिविल सर्जन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया आयुष्मान भारत समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य इस योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से अधिक से अधिक लाभार्थी को जोड़ा जाये। यह देश की एक बड़ा लोककल्याणकारी योजना है। अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। कॉमन सर्विस सेंटर के ऑपरेटरों को प्रेरित करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपने स्तर से लोगों को जागरूक करें। बताया कि अब तक कुल 16 हजार से अधिक लाभार्थी इस योजना की मदद से मुफ्त इलाज करा चुके हैं। इनमें दर्जनों लाभा?र्थी ऐसे हैं जो गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों को इलाज करा पाने में सक्षम हुए हैं।

**45 से अधिक लाभार्थियों ने ?लिया हिस्सा:** आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्व्यक नलिन मौर्य ने बताया कि समारोह में 45 से अधिक आयुष्मान योजना के लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले कॉमन सर्विस सेंटरों के ऑपरेटरों को मोमेंटो दे कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मगध मेडिकल कॉलेज तथा जेपीएन सदर अस्पताल में कार्यरत आरोग्य मित्र शुभम कुमार ?तथा विकास पटेल को प्रशस्ति पत्र दिया गया। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक करने, कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने जैसे कामों के लिए सेंटर डायरेक्ट तथा सीएससी के जिला समन्वयक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**आयुष्मान के कारण करा पाये इलाज:** शेरघाटी प्रखंड के जमील अख्तर ने बताया कि उन्हें गले में कैंसर रूपी गांठ थी जिसका उपचार करना बेहद खचीर्ला था। आयुष्मान कार्ड बनने से पूर्व इलाज में काफी परेशानी आ रही थी। काफी पैसा खर्च हो रहा था। लेकिन आयुष्मान कार्ड सही समय पर मिल जाने के कारण उन्होंने अपने गांठ का ऑपरेशन कराया।

## एक नजर

### तमिलनाडु में 6 मजदूरों को बेरहमी से पीटा गया, सरकार मदद करने में भी फेल रही



**जहानाबाद ।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) डॉ इंदु कश्यप ने आज जहानाबाद जिले के महबदा गांव में जाकर 6 मजदूर भाइयों जो राज्य के बाहर रोजगार की तलाश में तमिलनाडु में जाकर कमा रहे भाईयों को किडनैप कर बेरहमी से मारा गया। उनके फोन, पर्स व अन्य सामग्री छीन कर उनसे 20000 का मांग किया गया और पैसा जमा करने पश्चात सारे मजदूर भाइयों को पीट-पीट कर बेहोशी की हालत में सड़क पर फेंक दिया और फिर भी हमारी सरकार अभी तक कुछ भी मदद नही की है। इससे बड़ा प्रदेश के लिए दुर्भाग्य क्या हो सकता है?ये सुशासन की सरकार को सत्ता के लालच में कुछ भी नही दिख रहा है। राज्य में प्रतिदिन दिन हत्या होना अब आम हो गया है। सरकार अब ानून व्यवस्था बनाए रखने में फेल हो गई है।मैं सरकार से मांग करती हूं कि तमिलनाडु के सरकार से मजदूर भाइयों के लिए बात कर उनके जितने समान छीना गया और 20000 वापस दिलाने का और सारे मजदूर भाइयों को जितने रुपया इलाज में खर्च आए उनके सारे खर्च को सरकार पूरा करें। क्योंकि बेरहमी से पीटने के कारण उनके हालत बहुत ही गंभीर है।अगर आज अपने राज्य में ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ होती तो शायद यह दुर्दशा आज तमिलनाडू हमे कभी देखने को नहीं मिलता। 6 मजदूर भाइयों को जो पीट कर चोटिल किया गया है यह चोट केवल उन्हें नहीं पूरे बिहार वासियों को भी यह चोट लगी है।प्रदेश के अंदर हो या प्रदेश के बाहर हो सरकार किसी भी बिहार वासियों को सुरक्षित करने में फेल है।इस अवसर पर संसदीय बोर्ड के जिला अध्यक्ष निरंजन कुमार उर्फ नीरू जी मौजूद रहे।




## फुटपाथ दुकानदारों में काफी आक्रोश

**जहानाबाद।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के धूल मूल रवैया के प्रति फुटपाथ दुकानदारों में काफी आक्रोश भारी है लगभग काफी लंबे समय से टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक की मांग फुटपाथ दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने लिखित एवं मौखिक रूप से लगातार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से करने का आग्रह कर रहे हैं परंतु कार्यपालक पदाधिकारी कुंभकरण की नींद में सोई हुई है जब भी मिलकर टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक की मांग करते हैं तो वह आज और कल पर टाल देते हैं वहीं एनुअल अमरकांत भास्कर के द्वारा पूर्व में जब भी इसकी बैठक बुलाई गई तो सभी को सूचना न देकर सिर्फ और सिर्फ फुटपाथ दुकानदारों के उपस्थिति में एक बैठक कर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है इससे साफ जाहिर होता है नगर प्रशासन एवं जिला प्रशासन गरीब फुट पाती दुकानदारों के समस्याओं के समाधान हेतु कितनी तात्पर्य है इसका उदाहरण देखने को मिलता है बड़े-बड़े भूमिया एवं दबंग दुकानदार नगर परिषद के कर्मचारी के मिली भगत से नाजायज नजराना वसूलकर बड़े-बड़े लोहे के गुमटी एवं कंक्रीट एवं सीमेंट इट का स्थाई बनाकर अपना रोजी रोजगार चला रहे हैं।

### कमालुचक के पास भोजपुर पुलिस व खनन विभाग का अभियान

# कार्रवाई: अवैध खनन में नौ तस्कर गिरफ्तार, दो पोकलेन मशीन जब्त

- विभिन्न थाना क्षेत्र में पकड़े गए अवैध बालू लदे चार ट्रक, आठ ट्रैक्टर और एक बाइक

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन के खिलाफ शनिवार की रात बड़ी कार्रवाई की गयी है। एएसपी के नेतृत्व में टीम की ओर से अवैध खनन करते बिहार और यूपी के नौ बालू तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से बालू लदी तीन नाव और दो पोकलेन मशीन भी जब्त की गयी है।

गिरफ्तार बालू तस्करों में पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव निवासी अनिल महतो, राजकुमार, पलटन महतो, मोतीहारी के केसरिया थाना क्षेत्र के सतर घाट जलंधर सहनी, धनेश सहनी, नरेंद्र पटेल, यूपी के बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के दतहा गांव निवासी सुरेंद्र यादव, रविंद्र यादव और गोपाल नगर गांव निवासी ओमप्रकाश यादव शामिल हैं। उसके अलावे विभिन्न थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान भी अवैध बालू लदे चार ट्रक, आठ ट्रैक्टर और एक बाइक जब्त की गयी है। बाइक का इस्तेमाल अवैध खनन व परिवहन के लिए लाइनर का काम करने वाले द्वारा किया जा रहा था। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिली कि कमालुचक घाट के पास पोकलेन मशीन और नाव के जरिए अवैध खनन किया जा रहा है। उस आधार पर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार द्वारा वोट के जरिए घेराबंदी कर बालू लदी तीन नाव और दो पोकलेन मशीन जब्त किया गया?। मौके से नौ बालू तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। खनन विभाग की टीम भी पहुंची। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जब्त पोकलेन मशीन, नाव, ट्रक और ट्रैक्टरों से जुमार्ना वसूलने की प्रक्रिया चल रही है। बताते चलें कि पुलिस और खनन विभाग द्वारा हाल के दिनों में बालू तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। अभी चार रोज पहले ही पुलिस व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन करते तीन पोकलेन मशीन और बालू लदे ट्रक पकड़े गए थे। नौ सितंबर को भी पुलिस द्वारा कोईलवर स्थित नये सिक्स लेन पुल के नीचे से अवैध बालू लदी छह नावों को जब्त किया गया था। तब मौके से अवैध खनन करते तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि सोन नद का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बालू की तस्करी भी तेज हो गयी है। रात के अंधेरे में नाव के जरिये सोन में बालू की चोरी की जा रही है। सोन के तटीय इलाकों में पोकलेन मशीन से अवैध खनन किया जा रहा है। उसमें भोजपुर के साथ ही सारण, पटना और अन्य जिलों सहित बलिया के तस्कर भी शामिल हैं।



## आंगन में खेल रहे बच्चे की सांप डंसने से मौत

**आरा।** अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में शनिवार की शाम सांप के डंसने से एक बच्चे की मौत हो गयी। घर के आंगन में खेल रहे बच्चे को सांप ने डंस लिया। उसके बाद परिजन झाड़-फूंक कराने चले गये। उस कारण समय पर इलाज नहीं हुआ और बच्चे की जान चली गयी। आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत बच्चा महुअरी गांव निवासी नागराज राम का छह वर्षीय पुत्र सूरज कुमार था। वह गांव स्थित आंगनबाड़ी में पढ़ता था। उसके रिश्ते के दादा शारदा नंद पासवान ने बताया कि शनिवार की शाम सूरज आंगन में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह घर में चला गया और कोठिला के पास छेद पर हाथ रख दिया। तभी छेद में छिपे विषैले सांप ने उसे डंस लिया। उससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। उसके बाद झाड़-फूंक करने के लिए उसे बक्सर जिला के कंज्या बाबा ले जाया गया। वहां घंटों झाड़-फूंक करने के बाद भी जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। तब झाड़-फूंक करने वाले द्वारा उसे सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। तब आनन-फानन में उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## अपराधियों ने दुकान में मचाया तांडव, जांच में जुटी पुलिस




**केटी न्यूज/काको**

वाहन मालिक को ढूंढ़ने आए अपराधियों ने वाहन स्वामी के नहीं मिलने पर दुकान में जमकर उत्पात मचाया। यह घटना रविवार को सुबह दस बजे स्थानीय बाजार स्थित राजकुमार ग्रिल दुकान में पेश हुए। दुकानदार की अनुपस्थिति में घटित इस घटना के संबंध में उपस्थित कर्मियों ने बताया कि पांच की संख्या में आए सभी अपराधी परंपरागत हथियारों से लैस थे और वह छोटी काको निवासी एक वाहन स्वामी को ढूंढ़ रहे थे। जो संयोगवश घटना के समय नहीं आए थे। वाहनस्वामी के नहीं मिलने पर उग्र हुए अपराधियों ने दुकान में रखी कुर्सी, अलमारी एंव कैश बॉक्स को क्षतिग्रस्त करते हुए भाग गए। अपराधियों के भागने के उपरांत कर्मियों ने घटना की सूचना दुकानदार को दी। जिन्होंने संपूर्ण घटना से पुलिस को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थल का निरीक्षण कर क्षति का आकलन करते हुए सीसीटीवी के फुटेज के माध्यम से अपराधियों के शिनाख्त की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि लिखित आवेदन मिलने के उपरांत अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जायेगा। बहरहाल दिन के उजाले में घटित इस घटना से एक ओर जहां पुलिस की सक्रियता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है वहीं इस घटना से व्यवसायी वर्ग भी दहशत में हैं।

## पॉल्ट्री फॉर्म में लोहे की पाइप से लटका मिला किशोर का शव, हत्या का आरोप लगा हंगामा

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के चिकटोली मोहल्ला स्थित पॉल्ट्री फार्म रविवार की दोपहर एक किशोर का शव करकट से लटका मिला। किशोर बिजली के काले रंग के मोटे तार के सहारे करकट में लगी लोहे पाइप से लटका हुआ था। मृत किशोर टाउन थाना क्षेत्र के कसाब टोला मोहल्ला निवासी मो.पिंटू अंसारी का 16 वर्षीय पुत्र मो. मोनू था। वह पॉल्ट्री फार्म एजेंसी का गाड़ी चलाता था। इधर, शव मिलने से उसके परिजन भड़क उठे और हत्या कर शव को लटकाये जाने का आरोप लगा जमकर हंगामा किया। गुस्साए लोगों द्वारा मौके पर पहुंची पुलिस को शव उठाने से रोक दिया गया। परिजनों द्वारा प्रेम-प्रसंग में दूधकटोरा मोहल्ले की रहने वाली एक लड़की के भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा था। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों द्वारा रोड भी जाम कर दिया गया। उससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और समझाकर परिजनों और लोगों का गुस्सा शांत कराया। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की भरोसा दिया। उन्होंने परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बहरहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद खुदकुशी और हत्या के एंगल से छानबीन कर रही। पुलिस शुरूआती जांच में खुदकुशी की आशंका भी जता रही है।




### पिता बोले: सात-आठ माह से चल रहा था प्रेम प्रसंग, लड़की के भाइयों ने दी थी धमकी

कसाब टोला निवासी मो. पिंटू अंसारी ने बताया कि उनका पुत्र मो. मोनू चिकटोली स्थित एक पॉल्ट्री फार्म एजेंसी की गाड़ी चलाता था। उसका दूध कटोरा मोहल्ले की रहने वाली एक लड़की से करीब सात महीना से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसको लेकर दस दिन पूर्व उस लड़की के भाई से उनके बेटे का झगड़ा हुआ था। तब लड़की के भाइयों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। उसी दिन शाम में उनके बेटे ने अपनी मां को घटना की जानकारी भी दी थी। उसके बाद उन्होंने लड़की के भाइयों से मेरी मुलाकात कर समझाया भी था। कहा था कि लड़ाई-झगड़ा क्या करना है। अपने बेटे को समझा दूंगा।




### लोक जन शक्ति पार्टी: 15 दिनों के अंदर हरेक बूथ पर 10 यूथ बनाने का निर्देश

# बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को गांव की गलियों तक पहुंचाये पदाधिकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

लोक जन शक्ति पार्टी के सदर प्रखंड के किनारी ग्राम में लोजपा के प्रखंड अध्यझ के अध्यक्षता रंजय कुशवाहा ने किया प्रखंड कमिटी एवं पंचायत अध्यक्ष का समिच्छा बैठक रखी गई उक्त बैठक मे जिलाध्यक्ष हेमन्त शरण उर्फ कुंदन ने सर्वप्रथम पार्टी के शपथ-पत्र पढ़ाकर एक-एक पंचायत अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष से संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया और 15 दिनों के अंदर हरेक बूथ पर 10 यूथ बनाने का निर्देश दिए।

सभी पदाधिकारी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने नेता आदरणीय चिराग पासवान जी का जो निती नियत के बारे अपने अपने गाँव टोले में लोगों बताए कि हमारे नेता बिहार पर राज करने के लिए नहीं बिहार पर नाज करने के लिए है आज पुरे बिहार में कहि भी किसी के यहाँ दुख के घडी में आंसु पोछने कोई जाता है तो उसका नाम चिराग पासवान ना कि जो सत्ता में बैठकर मलाई खाने बाले लोग अराम फरमाते है ।

हाल ही में जहानाबाद सदर प्रखंड के सुरुगापुर पंचायत के महवदा ग्राम में 6 यूवा बेरोजगार को तमिलनाडू में जो बेरहमी से पिटा गया है उसको सरकार में बैठे लोग देखने और जानने प्रयास भी नहीं करते लेकिन हम अपने आदरणीय चिराग पासवान जी के आदेश लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष हेमन्त शरण, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी चौधरी महिला प्रकोष्ठ कें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्दु कश्यप के साथ लोजपा कि टिम जाते है ।




समिच्छा बैठक को सम्बोधित करने महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्दु कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष रानी चौधरी जिला प्रधान महासचिव छोटेलाल पासवान, जिला महासचिव अरविंद शर्मा, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष निरंजन कुमार, जिला उपाध्यक्ष सवितानन्द शर्मा, किसान प्रकोष्ठ के कुन्दन कुमार, सहित 14 पंचायत अध्यक्ष ने सम्बोधित किया।



# आक्रोश: खराब सड़क को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/मऊ**



कोपागंज नगर पंचायत क्षेत्र के कसारा मोड़ से कसारा तक सड़क टूट कर बुरी तरह छतिग्रस्त हो गयी है ।जिसके चलते लोगो को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है । मार्ग के मरम्मत को लेकर स्थानीय नेताओ से लेकर समाजसेवियों ने कई बार शासन को पत्र लिखकर आवाज उठायी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। थकहार कर रविवार की सुबह ग्रामीणों ने क्षेत्र के लैरो दोनवार में लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना था कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड के चौड़ीकरण और मरम्मत हेतु विगत 23 दिसम्बर 2022 को स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। सभी ने जल्द से जल्द कसारा रोड के लिए धन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग किया है।

कोपागंज रेलवे क्रासिंग से कसारा तक 6 किलोमीटर सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दो करोड़ 16 लाख की लागत से वर्ष 2016 में बनी थी। लेकिन अपने निर्माण के कुछ ही वर्षो बाद ओभरलोड गाड़ियों के बजह से बुरी तरह टूट फुट गया । इस मार्ग पर दर्जनो गांव के ग्रामीणो का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है ।वही बच्चो को प्रतिदिन स्कूल जाना होता है ।उबड़ खाबड़ रास्ते पर साइकिल से गिरकर बुरी तरह चोटिल हो रहे हैं ।लेकिन किसी अधिकारी की नजर उसपर नही पड़ती है ।हालांकि कसारा में विगत महीने केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के मंत्री के आने के बाद चौपाल किया गया था ।समस्याओं को लेकर ग्रामीणो ने उक्त सड़क की मरम्मत को लेकर पत्रक दिया था ।आश्वासन भी मिला लेकिन आजतक कोई देखने नही आया ,बनने की बात छोड़िए उक्त सड़क पर चलना सभी के लिए कठिन हो गया है ।हालाकि रोड की दशा को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने इसके चौड़ीकरण और विशेष मरम्मत के 10 करोड़ रुपए का स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा था। लेकिन अभीतक कोई कार्यवाही नहीं हुयी। रविवार को प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों ने कहा की लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड के चौड़ीकरण और मरम्मत हेतु विगत 23 दिसम्बर 2022 को स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। उन्होंने जल्द से जल्द कसारा रोड के लिए धन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग किया है नहीं तो ग्रामीण सड़क पर उतर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालो में सुमंत सिंह ,विजय प्रताप सिंह ,सुबाष सिंह ,राहुल सिंह ,आलोक सिंह ,रोहित सिंह ,कौशल सिंह ,किन्नू सिंह ,दिनेश सिंह ,सत्यम सिंह ,आशुतोष आदि मौजूद रहे।

# घर में घुस सोने की मूर्ति उठा ले गए चोर

**फेफना (बलिया)।** स्थानीय कस्बे में स्थित एक मकान में छत के सहारे घर में घुसे चोरों ने कीमती कपड़ा सहित सोने के लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों पर हाथ साफ कर दिया। खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक चोर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार फेफना निवासी अखिलेश कुमार सिंह कहीं रिश्तेदारी में गए थे। शनिवार की रात उनकी पत्नी रोज की भांति बच्चों के साथ खाना खाने के बाद अपने अपने रुम में सोने चले गए। इसी बीच मध्य रात्रि को छत के सहारे खिड़की में लगा ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए और पूजा घर में रखी गई ?15-15 ग्राम की सोने की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति तथा 500 ग्राम की एक पीतल की मूर्ति सहित बक्सा का ताला तोड़ कर कीमती कपड़ा पर हाथ साफ कर दिये। खड़खड़ाहट की आवाज सुनकर बगल में सो रहे संजीव कुमार सिंह उर्फ लक्की कुछ समझ पाता कि चोर उसे धक्का देते हुए छत के रास्ते भाग निकले। तत्पश्चात लक्की सिंह ने इसकी सूचना 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया। कस्बे में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं को रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

## खबरें फटाफट

### भाजपा सरकार में तानाशाही पार कर चुकी पराकाष्ठा: जैनेंद्र



**बलिया।** नारायण पाली गांव स्थित कैंप कार्यालय पर रविवार की दोपहर एक बजे कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। बैठक में आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विचार—विमर्श किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण ?की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व फेफना विधानसभा के प्रत्याशी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय मिंटू ने कहा वर्तमान में केन्द्र सरकार के तानाशाही रवैया से जनता परेशान है। उनके सांसद रमेश विधुरी द्वारा सदन में अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने के बावजूद अभी तक कोई एक्शन न लेना साबित करता है इस सरकार में तानाशाही अपनी पराकाष्ठा पार कर चुकी है। जनता महंगाई और बेरोजगारी के दर्द से कराह रही है, लेकिन सरकार कभी महिला आरक्षण बिल तो कभी कुछ का मुद्दा लाकर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। उन्होंने कार्यकताओं को अभी से जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में अनिल तिवारी,आयुष उपाध्याय,किशन उपाध्याय, मुख्तार, ओमप्रकाश,श्रषिकेश पांडेय , शत्रुध्न खरवार आदि उपस्थित रहे।

### जिला उपाध्यक्ष एवं सुशील पाण्डेय का हुआ स्वागत



**बलिया।** नगर क्षेत्र के एक होटल के सभा कक्ष में समाजवादी पार्टी के युवा साथियों द्वारा पार्टी के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं सुशील पाण्डेय ₹कान्हजी₹ का स्वागत किया गया। युवा साथियों ने माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर सपा उपाध्याक्ष द्वय का स्वागत किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कामेश्वर सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा जिस उम्मीद एवं विश्वास से यह जिम्मेदारी मुझे दी गई हैं उस विश्वास पर खरा उतरने की ईमानदारी से प्रयास करूंगा साथ ही आप लोगो ने आज जो स्नेह दिखाया हैं उसका भी आजीवन ऋणी रहूंगा। पार्टी के ?शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार। पार्टी उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील पाण्डेय ₹कान्हजी₹ ने इस मौके पर कहा कि मै समाजवादी विचाराधारा का एक अदना सा कार्यकर्ता हूं। अभी तक पार्टी द्वारा को भी दायित्व मुझे दिया गया आप साथियों के सहयोग से उसे निभाया हूं आगे भी आप सबके साथ एवं सहयोग की आवश्यकता पड़ती रहेगी उम्मीद हैं आपका स्नेह मिलता रहेगा। इस बार 2024 का चुनाव देश के लोकतंत्र एवं संविधान के लिए अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर सर्वश्री गौरव वर्मा, गोलू वर्मा,कुणाल पाण्डेय, अमरजीत वर्मा, गौतम यादव, रिशु कुमार, छोटू यादव, सुनील कुमार,राकेश यादव,गुड्डू यादव, मुन्ना सिंह आदि उपस्थित रहे।

**नोट छापने में शामिल होने वाले तीन रिम कागज, एक प्रिमियम प्रिन्टिग मशीन भी बरामद**

# 14 लाख रुपये के नकली नोट के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/मऊ**



नकली नोटों के एक बड़े गिरोह के तीन शातिर आरोपियों को पुलिस की एक संयुक्त टीम ने कोपागंज थाना क्षेत्र के काछीकला अंडरपास से शनिवार की बीती रात को पकड़ा। पुलिस ने इनके पास से 14 लाख रुपए के नकली नोट के साथ नकली नोट छापने में शामिल होने वाले तीन रिम कागज, एक प्रिमियम प्रिन्टिग मशीन भी बरामद किया। साथ ही लोगों को झांसा देकर नकली नोट देकर असली नोट के रूप में बरामद एक लाख की असली नकदी भी बरामद किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने पुलिस को मिली इस बड़ी सफलता की जानकारी दी। बताया कि जिले में अपराधियों को लेकर इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसीक्रम में एसओजी/स्वाट/सर्विलांस टीम तथा कोपागंज पुलिस द्वारा काछीकला अंडरपास के मिले इनपुट के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एक स्वीफ्ट कार सवार ने पुलिस टीम को देखकर रूकने के बजाए भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी के चलते थोड़ी दूर पीछा कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान कार से प्लास्टिक के तीन झोले में 14 लाख 11 हजार मूल्य के नकली नोट बरामद किया। वहीं 1 लाख 17 हजार 400 मूल्य के असली नोट बरामद किया।जब शक होने पर पुलिस ने कार की डिक्की की जांच की तो छुपा कर रखा एक प्रिमियर प्रिन्टर मशीन, तीन रिम पेपर बरामद हुआ। बताया कि पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकुर कुमार बिन्द उर्फ रवि पुत्र रामकृत राम निवासी हाटा थाना युसुफपुर मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर, सुरेन्द्र सागर सिंह सोनकर उर्फ रविन्द्र पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी तकिया थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र तो कुणाल यादव पुत्र गरजू यादव निवासी कान्दर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर के रूप में हुई। पुलिस ने कोपागंज थाना में तीनों के विरुद्ध 420, 498ए, 489बी, 489सी, 489डी भादवि0 तथा धारा 3/7 आरबीआई एक्ट का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। एएसपी महेश सिंह अत्री ने बताया कि बरामद नकली नोट का मास्टर माइंड अंकुर बिन्द है। जो कि पहले भी सोनभद्र से जेल जा चुका है, इस दौरान ही जेल में अंकुर की मुलाकत सुरेंद्र और कुणाल से हुई। जहां इन तीनों में दोस्ती हो गयी, जमानत के बाद अंकुर ने यू-ट्यूब पर जाली नोट बनाने का तरीकों को देखकर जाली करेंसी बनाने लगे, धीरे-धीरे कई लाख रुपये छापकर वह अपने दोस्त कुणाल और सुरेन्द्र के माध्यम से आस-पास के जनपदों में खपाने लगे।आरोपी जिले जिले में भी जाते है, वहां जनता को धोखे से फर्जी नोट देकर असली नोट ले लेते है। बताया कि पकड़े जाने से पहले वह गोरखपुर में ही नकली नोटों को खपाने की योजना बनाकर निकले थे, लेकिन पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

# लोकतंत्र सेनानी व वरिष्ठ पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/सिकंदरपुर**



लोकतंत्र सेनानी व पिछले चार दशको से आज समाचार पत्र में कार्य संपादन कर चुके वरिष्ठ पत्रकार चुन्नीलाल गुप्ता के निधन पर रविवार को सिकंदरपुर बस स्टैंड दुबरी चौधरी कटरा स्थित स्टडी प्वाइंट कोचिंग पर प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोशियेशन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रकारों द्वारा श्रद्धांजलि शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक घनश्याम तिवारी व संचालन तहसील अध्यक्ष अजय तिवारी ने किया।

मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने स्व. चुनीलाल गुप्ता के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

शोकसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि वह नेक इंसान और उनके दोस्त थे।

ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। घनश्याम तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता जगत में चुनीलाल गुप्ता मील का पत्थर थे और यही कारण है कि उनकी असामयिक मौत ने हर कलमकार को झकझोर कर रख दिया है। अजय तिवारी ने कहा की स्वर्गीय चुनीलाल गुप्ता बड़े छोटे में कोई भेदभाव नहीं करते थे। मौके पर रामजी यादव, नवीन सिंह, रमेश जायसवाल, नारायण पांडेय, अरविंद पाण्डे, रजनीश श्रीवास्तव, आरिफ अंसारी, इमरान खान, मनीष गुप्ता, आशुतोष मिश्र, बख्तियार खान, रजनीश खरवार, दुर्गेश शर्मा, समीर, दिलशाद, सार्थक राय, दिनेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित थे।






## विशेष वाहन चेकिंग अभियान में 18 दो पहिया वाहन का किया गया चालान

**केटी न्यूज/मऊ**

पुलिस अधीक्षक का विनाश पांडे के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में शनिवार की रात विभिन्न मार्गो पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की गई इस दौरान 18 दो पहिया वाहनों का हेलमेट ओवरलोडिंग एवं कागजात के अभाव में पाए जाने पर इन गाड़ियों का ई चालान किया गया ।

चेकिंग के दौरान पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने वहां चालकों को सख्त निर्देश दिया की गाड़ी चलाते समय हेलमेट लगाकर ही गाड़ी चलाएं जिससे आपकी यात्रा सुरक्षित एवं सफल रहेगी।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक गंगाराम, वीरेंद्र यादव, आदर्श श्रीवास्तव, राजेश कुमार वर्मा, वैभव तिवारी समेत पुलिस एवं महिला कांस्टेबल चेकिंग के दौरान अपने-अपने पिकअप पर मुस्तैद रही।

## रमेश बिधुड़ी पर कार्रवाई करें मोदी सरकार: शमीम खान

**केटी न्यूज/बलिया**



संसद में भाजपा सांसद रमेश बिधुड़ी द्वारा भाजपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहने पर एआईएमआईएम के बहेरी स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक कर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने भाजपा का जमकर विरोध किया। प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी सीमा को लांघ रही है, देश की सौहार्द और भाईचारे को बिगाड़ने पर आमादा है। मामूली चोर शब्द कहने पर राहुल गांधी की सदस्यता जब खत्म हो सकती है तब रमेश बिधुड़ी जो कि संसद की मयार्दा को तार–तार किया है, उसके खिलाफ अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। रमेश बिधुडी जैसे हल्के और सांप्रदायिक मानसिकता वाले लोगों को भारत का समर्थन कभी प्राप्त नहीं होगा। ऐसे लोग भारत के कानून व्यवस्था एकता और अखंडता के लिए खतरा हैं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से आग्रह और निवेदन करता हूं कि ऐसे लोगों को पार्टी से निकालकर, लोकसभा के सदस्यता रद्द कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री जी अगर सबका साथ सबका विकास और सम्मान की बात करते हैं तो ऐसे लोगों पर जरूर कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव दीपक यादव, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, रामकुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## डॉ प्रियंका जेएनसीयू की कुलानुशासक नियुक्त



**बलिया।** कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के आदेशानुक्रम में कुलसचिव एसएल पाल ने डॉ. प्रियंका सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय का नया कुलानुशासक (चीफ प्राक्टर) नियुक्त किया है। डॉ. प्रियंका की शिक्षा- दीक्षा बीएचयू से हुई है। डॉ. प्रियंका के पास 11 वर्षों का प्राध्यापकीय अनुभव है, साथ ही आप विभिन्न प्रशासकीय दायित्वों का भी निर्वहन कुशलतापूर्वक करती रही हैं। पूर्ववर्ती संस्थान दयालबाग शिक्षण संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) में आप एनएसएस अधिकारी रहने के बाद अभी जेएनसीयू में विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र के अतिरिक्त आईक्यूएसी की संयोजक भी हैं ।डॉ प्रियंका विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों की सदस्य और संयोजक भी हैं। आपके 14 शोधपत्रों और 2 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है।

**मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान भव मेला का आयोजन**

# 148 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**केटी न्यूज/मऊ**



मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शासन के निर्देश पर रविवार को आयुष्मान भव मेला का आयोजन किया गया और इस मेले में ब्लॉक के विभिन्न गांव से आए मरीज का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं भी दी गई। इस मेले के दौरान अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार चंद्रा ने मरीज को बताया कि स्वास्थ्य के प्रति आप सभी लोग सजग रहे और किसी प्रकार की बीमारी होने पर नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर जांच कराकर और दवाई प्राप्त करें। सरकारी अस्पताल 24 घंटे आपकी सेवा देने के लिए तत्पर है ।इस मौके पर चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार यादव, डॉक्टर उत्तम कुमार ,डॉक्टर नदीम मोहम्मद ,डॉक्टर सरोजिनी भी प्रसाद , डॉ0 उमेश कुमार सरोज, पूनम सरोज ,लालजी वर्मा ,राम शरण वर्मा एवं अस्पताल के फार्मासिस्ट कपिल देव, सरोज यादव, सर्वेश सिंह आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा। लगे हुए मेले में डॉ संतोष कुमार यादव ने मरीजो को मौसम में हो रहे बदलाव की प्रति जागरुक करते हुए कहा कि अचानक धूप तथा गर्मी बाद में हो रही बारिश स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है इसके लिए हम सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए किसी प्रकार की बीमारी होने पर तत्काल अस्पताल में पहुंचे और बीमारी होने पर दवा का भी सेवन करें। सुबह 8:00 से 2:00 तक लगे इस मेले में 148 मरीज का परीक्षण कर चिकित्सकों द्वारा उन्हें दवाई दी गई ।इस मौके पर अस्पताल के समस्त चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मी स्टाफ नर्स एनम मौजूद रही।




## खबरें फटाफट

### बस खाई में पलटी, दर्जनभर यात्री घायल

**गाजीपुर।** वाराणसी कैंट अंतर्गत रोडवेज डिपो से गोरखपुर जा रही अंबेडकर नगर डिपो की बस जिसका नंबर वढ 54 अळ-8142 है, वह जैसे ही गाजीपुर सीमा पर कैथी टोल प्लाजा और रजवाड़ी पुल के बीच डिवाइडर को क्रॉस करते हुए दाहिनी तरफ गोमती नदी के 100 मीटर पहले सड़क के नीचे 20 फीट खाई में गिरकर पलट गई। इसमें करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। बता दें कि बस में करीब 20-25 यात्री सवार थे। हादसे में ड्राइवर कंडक्टर सहित आठ आदमी घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय चौकी प्रभारी काशीनाथ उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उधर पुलिस ने एम्बुलेंस और स्थानीय व्यक्तियों की मदद से आस-पास के सरकारी अस्पताल एवं दीनदयाल अस्पताल के लिए भेज दिया है, जहाँ घायल लोगों का इलाज किया जा रहा है।

### भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष को पितृ शोक

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाने के सोनबरसा मुड़ीयारी ग्राम सभा निवासी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर के पूज्य पिता फेंकू राजभर का देहावसान हो गया। जिसकी सूचना पाकर जनपद के वरिष्ठ भाजपा जन एवं पार्टी कार्यकर्ता उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उनकी अंत्येष्टि जौहर घाट सैदपुर में संपन्न हुई, जहां प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर मौके पर पहुंच गए। इस मौके पर गाजीपुर लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, संदीप सिंह सोनू, मनोज यादव, हंसराज राजभर, अशोक गुप्ता, पीयूष सिंह, धर्मवीर राजभर, प्रशांत सिंह, धीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** इलिया पुलिस ने कस्बा के समदा पुलिया के पास से शनिवार को चेकिंग के दौरान निराला मौर्या नामक तस्कर को 48 टेट्रा पैक अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस समदा पुलिया पर गौ तस्करों तथा शराब तस्करों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी बीच एक व्यक्ति को सफेद झोला में भरकर शराब लेकर जाते वक्त पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने में आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष ने हरिश्चंद सरोज ने बताया कि बिहार में तस्करी के लिए शराब ले जा रहे चंदौली जिला के पचफेड़िया निवासी निराला मौर्या को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक अरुण कुमार पाठक,धर्मेंद्र यादव,अरुण कुमार, शामिल रहे।


### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सेमिनार आयोजित

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे डीडीयू मंडल के फार्मासिस्ट द्वारा सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एक सेमिनार आयोजित किया गया है, जो मंडल अस्पताल के सभा कक्ष मे 1.30 बजे शुरू होगा। इस वर्ष का थीम है फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत कर रहे है।इस आयोजन मे मुख्य अतिथि डा. एल सांगा, सीएमएस एव विशिष्ट अतिथि एस के मंडल फार्मेसी ऑफिसर हाजीपुर होंगे। इसमे डॉ आर के मिश्र, डॉ आर पी सिंह, डॉ सी एस झा एव फार्मासिस्ट् दुखुराम मुर्मू, एस सेठी, जावेद अख्तर, पी प्रधान, कौशल कुमार, रंजीत कुमार, राकेश कुमार और शालिनी शुक्ल अपना विचार प्रस्तुत करेगे।

# मठ की भूमि को लेकर बवाल, मठाधीश को जान से मारने की धमकी

◆ एसडीएम व सीओ करेंगे दोनो पक्षों से वार्ता, विवाद का निकालेंगे हल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जखनियां तहसील के कनुआन गांव में स्थित अति प्राचीन मौनी बाबा के धार्मिक मठ की जमीन कब्जा को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है। पुलिस ने समझा-बुझाकर तहसील दिवस पर दोनों पक्षों को बुलाया। मौनी बाबा का मठ प्राचीन धार्मिक मठ है। इसके महंत सत्यानंद यति ने बताया कि काफी दिनों से गांव के ही राम कृत राम पांच बीघा जमीन कब्जा करके खेती बारी कर रहे थे। मठ की भूमि को छोड़ने के लिए कई बार कहा गया। आज सुबह चालक मणिकांत ट्रैक्टर से भूमि की जुताई करने पहुंचा था। तब महंत सत्यानंद यति उसे रोकने लगे। उसके साथ आधा दर्जन की संख्या में लोग मौजूद थे। धमकी दी की यह मठ की जमीन मेरी है, नहीं मानोगे तो इसी मिट्टी में मिला देंगे। तत्काल महंत सत्यानंद यति ने 112 के साथ ही एसडीएम और सीओ को सूचना दी। विपक्षियों का कहना है कि मठ की भूमि के लिए पैसा दिए हैं, इसलिए जुताई कर रहे थे। महंत सत्यानंद यति ने सीओ को पूरी बात बताई तथा थाना शादियाबाद में आधे दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। भुड़कुड़ा पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ने कहा की जमीनी प्रकरण है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। तहरीर मिलती है, तो कार्रवाई भी की जाएगी।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में रविवार को पुराने जमीनी विवाद को लेकर आज उर्मिला देवी पत्नी रामजीत राम की भैंस राधेश्याम के घर पर चली गई। भैंस घर पर जैसे ही पहुंची लोग आग बबूला हो गए तथा गाली गुप्ता देते हुए जमकर लाठियां व गड़ासा चलाने लगे। जिसमें उर्मिला देवी (45) पत्नी रामजीत राम पुत्री नेहा (19), पूजा (17), आशीष (15) तथा द्वितीय पक्ष सरिता (24) तथा भाई संतलाल (28), नंदलाल (27) घायल हो गए। भुड़कुड़ा कोतवाली में अभी मीटिंग शुरू होने से पहले आधा दर्जन लोग लहूलुहान हालत में कोतवाली पहुंचे। कुछ महिला जाते ही बेहोश हो गई। तत्काल कोतवाल तारावती ने घायलों को पुलिस के साथ सीएचसी केंद्र भेजा। साथ ही दोनों पक्षों से तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया। भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती ने बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट हुई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दो माह से कार्डधारकों से अंगूठा लगाकर नहीं दिया राशन

# डीएम के निर्देश पर कोटेदार के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

■ पूर्ति अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मौके पहुंचकर की जांच पड़ताल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव में कोटेदार द्वारा अगस्त और सितंबर माह में राशन कार्डधारकों से अंगूठा लगाकर राशन देने के बजाय गोदाम से चोरी होने की सूचना थाने पर दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी शेखर सेंगर, थाना प्रभारी अशोक मिश्रा ने तत्काल कोटे पर जांच पड़ताल करने पहुंचे। वहां पर जखनियां पूर्ति अधिकारी प्रवीण गुप्ता भी पहुंचकर मौके का जांच पड़ताल किए।

सर्वप्रथम सभी अधिकारियों ने कांटे पर चढ़कर अपना वजन किया तो उनके होश उड़ गए। प्रति सात किलो पर एक किलो अनाज कम देने का मामला सामने आया। साथ ही कई कुंतल अनाज गबन का मामला सामने आया है। पूर्ति अधिकारी ने ग्रामीणों का बयान लेकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। डीएम के निर्देश पर पूर्ति अधिकारी ने कोटेदार कुबेर राम के खिलाफ लापरवाही और घोटाला के आरोप में तहरीर थाने पर दी। जिसमें दुल्लहपुर पुलिस ने कोटेदार कुबेर राम पर धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कोटेदार की तलाश में जुट गई। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि पूर्ति अधिकारी की तहरीर पर कोटेदार पर केस दर्ज किया गया है। पूर्ति अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कोटेदार की भारी लापरवाही सामने आई है। जिसमें कोटा सस्पेंड कर थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

### नगर में हटाया गया अतिक्रमण

**चंदौली।** जाम की समस्या से आए दिन जूझ रहे नगर व ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोगों की सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन ने रविवार को अपना बुलडोजर चलाया। वहीं लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अतिक्रमण किए हैं वह अपने से हटा ले नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की भीम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने सदर तहसील से लेकर ब्लॉक तक अपना बुलडोजर चलाया। वहीं अतिक्रमण करने वालों को हिदायत दिया कि अगर दोबारा अतिक्रमण किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सदर एसडीम के नेतृत्व में नेशनल हाईवे के कर्मचारियों के साथ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया गया।

### मुख्य सड़क पर घरों का गंदा पानी बहने से परेशानी



**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के दुबिहां बाजार एवं लट्ठूडीह गांव अंतर्गत मुख्य मार्ग के किनारे नाली न होने से घरों का गंदा पानी मुहम्मदाबाद -चितबडागांव मुख्य मार्ग पर बहाया जा रहा है। घरों का पानी नाली में बहने की जगह मुख्य सड़क के बीच जमा होने से जगह - जगह छोटे -बडे. गड्ढे बन गए हैं। जिसमें पानी भरे होने के कारण बदबू भरे पानी से लोगों का आना जाना हो रहा है। इससे संक्रामक रोगों के फैलने का भी खतरा प्रबल हो गया है। इससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। लोग जनहित में नाली निर्माण कराकर पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग किए हैं। मुहम्मदाबाद- चितबडागांव मार्ग के दुबिहां बाजार में अंग्रेजी शराब के ठेके के पास संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय लट्ठूडीह के ठीक सामने सड़क पर गंदे पानी के बहाव को कभी भी देखा जा सकता है। इसी सड़क से जनपद के आला अफसरों का आना जाना लगा रहता है।

## हॉकी डंडे से पीटकर दुकानदार को किया घायल, हालत गम्भीर



**केटी न्यूज/चंदौली**

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां कस्बा में शनिवार की देर शाम को मनबढों ने मिठाई बिक्रेता 25 वर्षीय विनय मोदनवाल को हाकी डंडे से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया । जब तक अन्य व्यापारी पहुंचते तीनों एक बाइक से फरार हो गये । कस्बावासियों के सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल पड़े ब्यवसायी को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर इलाज कराया व पूछताछ किया । डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देख घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया । दर्जनों की संख्या में व्यापारियों ने बलुआ थाने पर पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया । पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है ।चहनियां कस्बा में विनय मोदनवाल का मिठाई का दुकान है । वह शनिवार की देर शाम को सौ मीटर की दूरी पर एक चाय की दुकान पर चाय पीने चला गया । बाइक से सवार तीन मनबढ़ युवक चाय की दुकान पर पहुंचे और हाकी से पिटाई कर दी । अंधेरा के कारण कोई कुछ समझ पाता व जब तक पहुंचते वे फरार हो गये । कस्बावासियों ने पुलिस को सूचना दिया । वही बुरी तरह से घायल व्यवसायी को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये । घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने लहूलुहान पड़े ब्यवसायी से पूछताछ किया ।

### सपा नेता स्वामी प्रसाद का पुतला फूंककर जताया आक्रोश

**धानापुर(चंदौली)।** ब्राह्मण हितकारिणी महासभा के कार्यकताओं ने रविवार को कस्बा स्थित थाना चौराहे के समीप आदित्यकांत द्विवेदी के नेतृत्व में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। इसके पूर्व कार्यकताओं ने नारेबाजी कर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकताओं ने सपा नेता अखिलेश यादव से मांग किया कि ऐसे भ्रष्ट बुद्धि प्रवृत्ति वाले स्वामी प्रसाद को पार्टी से बेदखल करें, नही तो ऐसे ही लोग पार्टी का लुटिया डूबो देंगे। कार्यकताओं ने कहा कि स्वामी हमेशा सनातन धर्म पर कुठाराघात करते हैं। साथ ही हिन्दू होने का नाटक करता है। मौर्य एक अवसरवादी नेता है। जो किसी का नही हो सकता। ब्राह्मण हितकारिणी महासभा के प्रबंधक बांके उपाध्याय ने कहा कि जिस भाजपा ने स्वामी प्रसाद मौर्य को फर्श से अर्श तक पहुंचाया। मौके पर राजेन्द्र उपाध्याय, आंशु तिवारी, प्रिंस दूबे, विश्वनाथ दूबे, सोनू, शिवम्, सुबास, बमबम दूबे, अरून दूबे आदि मौजूद रहे।

## चोरों के अंतर जनपदीय गिरोह का हुआ पदार्फाश



**केटी न्यूज/चंदौली**

अलीनगर। पुलिस ने रविवार की अल सुबह एकौनी नहर पुलिया व जीवनाथपुर पुल के पास से एक अंतर जनपदीय चोरी के गिरोह का पदार्फाश करते हुए उसके आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ चोरी की बाइक, गहने, असलहा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस अगली कार्रवाई में जुट गई।

अलीनगर थाने में वार्ता के दौरान सीओ अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि अलीनगर थाना क्षेत्र के मटकुट्टा रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तारी के बाद इस पूरे मामले का खुलासा किया गया है। ये शातिर चोर चंदौली, वाराणसी, मिजार्पुर सहित अन्य जिलों में चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। बताया कि चोरी करने वाला यह गिरोह आसपास के क्षेत्र में बाइक के साथ-साथ सड़क के किनारे खड़े ट्रकों में भी चोरी करते हैं। साथ ही साथ सुनसान इलाके के घरों में घुसकर जेवरात व कीमती सामान चुराया करते हैं। अलीनगर पुलिस ने गिरोह को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एकौनी नहर पुलिया व जीवनाथपुर पुल के पास से धर दबोचा है।

## आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# लोगों को दी गयी स्वास्थ्य की जानकारी

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**




रेवतीपुर गांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रविवार को आयुष्मान भवः के अंतर्गत साप्ताहिक आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों द्वारा योजना का लीपापोती किया जा रहा है। यहां न तो समय पर डॉ. पहुंच रहे हैं, न ही कर्मचारी जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार आयुष्मान भवः के तहत विभिन्न चिकित्सकों के द्वारा केंद्र पर आए मरीजों को जांचोपरांत आवश्यक परामर्श दिया जाना है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मरीजों को इस योजना का लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। योजना के तहत महज औपचारिकताएं पूरी कर खाना पूर्ति की जारी है। आयुष्मान भवः योजना के तहत स्वास्थ्य मेला लगाया गया है लेकिन स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधा नदारत हैं। वहीं जिला अस्पताल से आज इस मेले में हड्डी के भी डॉक्टर आने वाले थे लेकिन मौजूद नहीं रहे इनके साथ-साथ कई रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक के न होने के कारण भी संबंधित मरीजों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। वही मेला में कई अस्पताल कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। जिससे मरीजों को भटकने को विवश होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मेला के दौरान फार्मासिस्ट ही मरिज का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे थे। लोगों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य महकमा इस योजना के प्रति पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है। मेला का लाभ लेने के लिए केंद्र पर आए मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। अनुपस्थित कर्मचारियों की शिकायत के बाद स्वास्थ्य महकमा में हड़कंप मच गया।

### स्वास्थ्य केंद्र में आये मरीजों का हाल जाना

**चहनियां(चंदौली)।** चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया ।जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल ने फीता काटकर किया ।मेला में आये लोगो का व स्वास्थ्य केंद्र में आये मरीजों का हाल जाना। इस अवसर पर प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है ।जिसमे एक आयुष्मान योजना भी है ।इस योजना में गरीब अपना इलाज किसी भी बड़े सरकारी अस्पताल में या फिर इससे अटैच प्राइवेट हॉस्पिटलों में निशुल्क इलाज करा सकते है ।ऐसे कई गरीब है जो पहले धन के अभाव में इलाज नही करा पाते है ।किंतु अब ऐसा नही होता है ।

### बारावफात त्यौहार को लेकर पुलिस ने की बैठक

**चंदौली।** धीना थाना प्रांगण मे रविवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को धीना थाने पर शांति समिति की बैठक वारावफात त्यौहार को लेकर मुस्लिम धर्मगुरूओं और ग्राम प्रधानों पत्रकारों संग थानाध्यक्ष ने बैठक की। थानाध्यक्ष रमेश कुमार यादव ने शांति पूर्वक और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की सभी से अपील की। साथ ही चेताया कि किसी प्रकार की अफवाह या अशांति होने पर संबधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। आगामी 28 सितम्बर को वारावफात का त्यौहार है। इसको लेकर डीएम एसपी के निर्देश पर बैठक कर मुस्लिम बंधुओं को दिशा निर्देश दिया गया है। इस क्रम में थाना प्रभारी रमेश कुमार ने कहा गांव मे किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत पुलिस से मदद लें ,जिसके लिए पुलिस हेल्प लाइन 112बनी है।

## एक नजर

### मद्देशिया समाज ने मनाया भगवान गणिनाथ का जन्मोत्सव



गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाने के उतरांव गांव में मद्देशिया समाज के लोगों ने एकजुटता दिखाई। दूर- दूर से चलकर अपने कुल देवता भगवान गणिनाथ का आशीर्वाद लेने सैकड़ों लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम में झंडातोलन अभ्युदय गान हवन-पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस मौके पर मद्देशिया समाज में आए मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष चन्द्र मद्देशिया एवं विशिष्ट अतिथि रमाशंकर फौजी पूर्व चेयरमैन दिलदारनगर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मद्देशिया समाज की ओर से आए समस्तजनों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला शक्ति की उपस्थिति रही। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिरनो, रेवतीपुर, शेरपुर, दिलदारनगर, जंगीपुर, हंसराजपुर, सुहवल और मुहम्मदाबाद सहित जनपद के अधिकांश गांवों से चलकर आने वाले लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश मद्देशिया, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजू मद्देशिया, भोला जी, रामजी गुप्ता, सपना गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रजनीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संजय कुमार गुप्ता, अवधेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता, रघुनाथ गुप्ता, शिवजी गुप्ता, बद्री नाथ गुप्ता आदि की भूमिका अहम रही।

### ब्लाक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



चहनियां (चंदौली)। खण्ड विकास क्षेत्र चहनियां के कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में प्रदेश सरकार उत्कृष्ट शिक्षक से सम्मानित लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी व ब्लाक स्तरीय व्यायाम शिक्षक प्रवीण कुमार त्रिपाठी की देख-रेख में बैंडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न कराया गया। विकास खण्ड के तीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने कला कौशल का बखूबी निर्वहन करते हुए प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने-अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। पूर्व माध्यमिक महुअरकला बालिका वर्ग की संध्या कुमारी प्रथम व बालक वर्ग में समीर व अंकित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हृदयपुर कम्पोजिट विद्यालय के सीनू पाल बालिका वर्ग द्वितीय स्थान तो अमित व विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुरतापुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के आर्यन गुप्ता अपरिहार्य कारणों से खेलने से वंचित रह गये। 25 सितम्बर को जिला स्तरीय बैडमिन्टल प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभाग करेगें। इस दौरान व्यायाम शिक्षक गौतम लाल, ओमप्रकाश यादव, परमानन्द, सत्येन्द्र कुमार सहित सैकड़ो छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### भोजपुरी लोकगीत को आगे बढ़ाने में पंडित परशुराम का रहा सराहनीय योगदान



**चंदौली।** भोजपुरी बिरहा समाज चंदौली की ओर से रविवार को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 स्थित एमबी पब्लिक स्कूल में बिरहा जगत के भीष्म पितामह पंडित परशुराम के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां पर विभिन्न कवियों के साथ लोकगीत कलाकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके बताए गए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया।वहीं बिरहा सम्राट वह भीष्म पितामह कहे जाने वाले पंडित परशुराम को श्रद्धांजलि देते हुए बिरहा विद्या बचाओ, बिरहा गाओ, बिरहा बढ़ाओ के लिए भोजपुरी बिरहा समाज का गठन किया गया। इस दौरान भोजपुरी बिरहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया।इसमें श्रीराम यादव को संयोजक, पूर्व जिला भूमि संरक्षण अधिकारी इंजीनियर रामकेश सिंह यादव को अध्यक्ष, काशीनाथ यादव को उपाध्यक्ष और राजेश यादव को महासचिव चयन किया गया। साथ ही सभी ने बिरहा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पंडित परशुराम को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कवि जगत जगत नारायण सिंह, रमेश यादव, बेचू, किसान नेता सियाराम चौहान, गायक बृजमोहन यादव, हरिद्वार यादव,नीतू चंचल, बिंदु बावरी, नीलम सिंह, मीनू चौहान, सोहन लाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### बैठक में भागवत कथा के आयोजन पर चर्चा

**पीडीडीयू नगर।** संस्कृति संजीवनी सेवा संस्थान ट्रस्ट की एक बैठक महमूद पुर स्थितकन्हैया जायसवाल के आवास पर हुई। बैठक में आगामी माह में भागवत कथा व संगठन विस्तार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

इस दौरान संस्था के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने कहा कि 11वर्षो से लगातार नगर में विभिन्न स्थानों पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर अतुल दुबे, मिथिलेश मिश्रा, बंटी, दिनेश सिंह,मनोज श्रीवास्तव,संजय तिवारी, संतोष शर्मा,संतोष पाठक आदि लोग शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता संजय अग्रवाल ने किया।

### मोदी सरकार का नारी शक्ति वंदन बिल धोखा है-डीएन यादव

**अलीनगर (चंदौली)।** मोदी सरकार की नारी शक्ति वंदन बिल भारत की महिलाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है। यह नारी शक्ति वंदन बिल नहीं बल्कि देश की गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए नारी शक्ति रून्दन बिल है।इतना ही नहीं यह 2014 लोकसभा चुनावी घोषणा पत्र की तरह आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी जुमला है। उक्त बातें समाजवादी युवजनसभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव डीएन यादव ने अपने बिलारीडीह स्थित आवास पर सपा महिला कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि दरअसल लोकसभा का विशेष सत्र गुप्त रूप से इंडिया बनाम भारत के मुद्दे पर बुलाया गया था,लेकिन प्रधानमंत्री जी को विशेष सूत्रों से जी-20 में जब यह पता चला कि करीबी पूंजीपति मित्रों और नेताओं का विदेशो में जमा पैसा फंस जाएगा अथवा जब्त हो जाएगा।

क्योंकि यह अकूत पैसा इंडिया नाम के पते पर ही विदेशों में जमा है। अपने लोगों को बचाने के लिए आनन-फानन में नारी शक्ति वंदन बिल लाना पड़ा।श्री यादव ने कहा कि अगर मोदी सरकार की मंशा साफ होती तो ईडब्ल्यूएस के 10 फीसदी आरक्षण की तरह बिना जनगणना कराए 33 फीसदी महिला आरक्षण भी तुरंत लागू हो सकता था। ऐसे बिल से क्या फायदा जब 10 साल तक नारी शक्ति को इसका इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा व आरएसएस दोनों महिला विरोधी रहे हैं।तभी तो भाजपा तथा आरएसएस प्रमुख का पद पर अब तक किसी महिला को नहीं दिया गया है।भाजपा में उमा भारती व वसुंधरा राजे जैसी महिला नेताओं का क्या हाल है।सबको पता है। डीएन यादव ने कहा कि मोदी सरकार अपने आंतरिक सर्वे से डरी हुई है।